## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 20.12.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

दिनांक 20.12.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

1– श्री अन्ना सुदन, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी।
3– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
4– समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
5– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
6– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
7– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 5 अनुबन्धित फर्मों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें 1581 नग राजस्व ग्राम चयनित हैं। जनपद में 849 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है।

**मै0 पी0एन0सी0**– फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 333 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 356 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 357 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3353 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 357 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 227 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 118495 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 260 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है एवं 162. नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2025 तक प्रत्येक योजना से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**मै0 मेघा इंजीनियरिंग**– फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 320 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163142 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 337 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3216 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 270 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 248 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 99142 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 200 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है एवं 93 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

शिरोपरि जलाशय में वांछित प्रगति न लाये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2025 तक प्रत्येक योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 1000 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**मै0 वी0एस0ए0** – फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 49795 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 84 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1230 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 84 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 71 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 34528 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 63 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है एवं 24 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2025 तक प्रत्येक योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

<u>मै0 वी0टी0एल0</u> – फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 798 किमी0 वितरण प्रणाली, 46 नग शिरोपरि जलाशय, 44 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 44 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 56 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 717 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 46 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 37 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 18891 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में मात्र 18 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ की गयी है एवं 06 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2025 तक प्रत्येक योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन, प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान करने, सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति लाने एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

<u>मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी)</u> – फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 38 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 423 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 39 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 46 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 20594 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है एवं 27 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनवरी, 2025 तक प्रत्येक योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने, रोड रेस्टोरेशन एवं योजनाओं के समस्त घटकों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

जनपद अन्तर्गत 849 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में मात्र 579 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। समस्त अनुबन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में समस्त पेयजल योजनाओं अन्तर्गत यथाशीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी रोड की पुर्नस्थापना का कार्य भी तीव्र गति से कराया जाये। समस्त सम्बन्धित फर्मो को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनाओं को मार्च, 2025 तक पूर्ण किये जाने का कम्प्लीशन प्लान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिन योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है, में आई0एस0ए0 के द्वारा राजस्व वसूली कराये जाने के निर्देश दिये गये।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

28/12/24

(सत्येन्द्र कुमार)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

<u>कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी</u>

पत्रांक 6856 / कार्य-26 / 68 दिनांक 30-12-2024

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बाराबंकी।
4– समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।
5– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी।

जिलाधिकारी
बाराबंकी